


**श्री नरेन्द्र मोदी**

माननीय प्रधानमंत्री



# नई रेल

# नया छत्तीसगढ़

**2014 से प्रगति पथ की नई यात्रा**

**राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र**



# प्रस्तावना




**श्री सुनील सिंह सोइन**
महाप्रबंधक
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

भारतीय रेलवे हमारे राष्ट्र की जीवन रेखा है। इसने देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में सदैव से उत्प्रेरक का काम किया है। समान रूप से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपनी स्थापना के बाद से ही छत्तीसगढ़ राज्य की सामाजिक–आर्थिक प्रगति में सहयोगी की भूमिका निभाती रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की स्थापना 1 अप्रैल, 2003 को हुई थी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 46% रेल नेटवर्क छत्तीसगढ़ में अवस्थित है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ–साथ पूर्व तट रेलवे भी छत्तीसगढ़ को सेवाएं प्रदान करती है। माल ढुलाई में अग्रणी ज़ोन होने के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को निरंतर गति प्रदान करती रही है। खनिज संपन्न राज्य होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क के विस्तार की अत्याधिक आवश्यकता है। इस आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए रेलवे एवं छत्तीसगढ़ सरकार आपसी सहयोग के साथ काम कर रहे है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार एवं रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से कई परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में, विगत 4 वर्षों में रेल परियोजनाओं से संबन्धित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक तरफ रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार लौह संपन्न परंतु दुर्गम रावघाट तक किया जा रहा है तो दूसरी ओर दो महत्वपूर्ण कारीडोर के द्वारा पूर्व मध्य छत्तीसगढ़ के कोयला संपन्न मांड क्षेत्र तक रेल परिवहन सुविधा पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त दो नई लाइनों, खरसिया–बलौदाबाजार–नया रायपुर–दुर्ग तथा कटघोरा–कवर्धा–डोंगरगढ़ के लिए सैद्धांतिक सहमति रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान कर दी गई है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के पश्चात, छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों तक रेलवे नेटवर्क का विस्तार होगा तथा राज्य के अनेक अनछुए क्षेत्रों में विकास के नवीन द्वार खुलेंगे। इस ब्रोशर का लक्ष्य छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हालिया, अतीत एवं वर्तमान की परियोजनाओं एवं कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियों को सूचीबद्ध करना है।

हमारे कर्मचारियों के अथक प्रयास एवं यात्रियों के सहयोग के कारण क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा कराये गये थर्ड पार्टी आडिट के आधार पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को स्वच्छतम ज़ोन घोषित किया गया है। हम सभी छत्तीसगढ़ में रेलवे के और अधिक विकास के लिये कृत संकल्प है।



# राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र

**क. विधान सभा क्षेत्रः**

पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, मोहला–मानपुर।

**ख. पिछले 4 वर्षों में पूरे किये गए कार्यः**

**ख1. आधारभूत संरचना के विकास कार्य**

- ❖ ₹ 153 करोड़ की लागत से दुर्ग एवं राजनांदगांव के बीच तीसरी लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण।

**ख2. यात्री सुविधाएं**

- ❖ राजनांदगांव स्टेशन पर ₹ 2 करोड़ की लागत से फुट ओवरब्रिज के लैडिंग का कार्य पूर्ण।
- ❖ मूसरा स्टेशन पर ₹ 92 लाख की लागत से एवं रसमड़ा स्टेशन पर ₹ 98 लाख की लागत से फुट ओवरब्रिज का निर्माण।
- ❖ मुरहीपार, बाकल, जटकन्हार, परमलकसा, मूसरा, पनियाजोब एवं बोरतलाव स्टेशनों पर ₹ 10 लाख की लागत से छोटे प्लेटफार्म शेल्टरो का निर्माण।
- ❖ राजनांदगांव स्टेशन पर नये दोपहिया वाहन स्टैंड की सुविधा।
- ❖ परमलकसा स्टेशन में पेयजल की सुविधा।
- ❖ पनियाजोब, जटकन्हार, मूसरा, बाकल एवं मुरहीपार स्टेशनों के शौचालयों में नल कनेक्शन।
- ❖ राजनांदगांव स्टेशन में ₹ 7 लाख की लागत से द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय का उन्नयन।
- ❖ राजनांदगांव स्टेशन में ₹ 50 लाख की लागत से लिफ्ट की सुविधा।
- ❖ डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव स्टेशन पर ₹ 2 करोड़ की लागत से प्लेटफार्म शेल्टरो का निर्माण।
- ❖ डोंगरगढ़ स्टेशन में ₹ 1 करोड़ की लागत से नवनिर्मित फुट ओवरब्रिज की सुविधा।
- ❖ राजनांदगांव स्टेशन के प्लेटफार्मो पर ₹ 50 लाख की लागत से मिस्ट कूलिंग की सुविधा।
- ❖ डोंगरगढ़ स्टेशन पर ₹ 20 लाख की लागत से फुट ओवरब्रिज पर रैम्प की सुविधा।
- ❖ डोंगरगढ़ स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 एवं 3 पर ₹ 22 लाख की लागत से रैम्प के ऊपर शेड की सुविधा।
- ❖ राजनांदगांव स्टेशन पर फ्री वाई–फाई की सुविधा।

**ग. अन्य कार्यः**

- ❖ 22845 / 22846 हटिया–पुणे, साप्ताहिक एक्सप्रेस का राजनांदगांव में ठहराव।
- ❖ 19317 / 19318 पुरी–इंदौर–पुरी, साप्ताहिक हमसफ़र एक्सप्रेस का राजनांदगांव में ठहराव।

**घ. कार्य प्रगति परः**

- ❖ राजनांदगांव स्टेशन में ₹ 37 करोड़ की लागत से नये गुड शेड के निर्माण का प्रावधान।
- ❖ राजनांदगांव स्टेशन में ₹ 13 करोड़ की लागत से वर्तमान गुड शेड का पैसेंजर प्लेटफार्म में परिवर्तन तथा गुड शेड का स्थानान्तरण।
- ❖ राजनांदगांव एवं नागपुर स्टेशनों के बीच ₹ 1,280 करोड़ की लागत से 228 किलोमीटर तीसरी लाइन का निर्माण।
- ❖ बाकल स्टेशन का ₹ 9 करोड़ की लागत से सी श्रेणी स्टेशन से बी श्रेणी स्टेशन में उन्नयन।
- ❖ बोरतलाव एवं पानियाजोब स्टेशन के बीच ₹ 3 करोड़ की लागत से इंटर ब्लाक हट का प्रावधान।
- ❖ दुर्ग एवं गोंदिया खंड के बीच ₹ 76 करोड़ की लागत से इंटर ब्लाक हट का प्रावधान।
- ❖ राजनांदगांव स्टेशन में ₹ 1 करोड़ की लागत से एस्केलेटर का प्रावधान।
- ❖ राजनांदगांव स्टेशन में ₹ 75 लाख की लागत से कोच गाइडेंस सिस्टम का बदलाव।
- ❖ डोंगरगढ़ स्टेशन में ₹ 11 करोड़ की लागत से प्लेटफार्म का निर्माण, फुट ओवरब्रिज का विस्तार एवं अन्य यात्री सुविधाओं का प्रावधान।

# कुछ महत्वपूर्ण फोटोग्राफ



माननीय सांसद एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा राजनांदगांव स्टेशन पर इंदौर–पुरी साप्ताहिक, हमसफ़र एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया गया



माननीय सांसद द्वारा राजनांदगांव स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का उद्घाटन



माननीय सांसद द्वारा राजनांदगांव स्टेशन पर बैटरी आपरेटेड कार का उद्घाटन




डोंगरगढ़ स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज की सुविधा



राजनांदगांव स्टेशन पर लिफ्ट की सुविधा



राजनांदगांव स्टेशन पर दिव्यांग जनों के लिए पोर्टेबल रैम्प की सुविधा



लोकल आर्ट के द्वारा राजनांदगांव स्टेशन का सौन्दर्यीकरण



लोकल आर्ट के द्वारा डोंगरगढ़ स्टेशन का सौन्दर्यीकरण